# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा दिसंबर २०२३ माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

**I. चयन और नियुक्तियों का सारांश:**

i. पीईएसबी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा 12 (बारह) पदों [सीएमडी के 02 (दो) पद के लिए और निदेशकों के 10 (दस) पद के लिए] के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे।

ii. 06 (छह) चयन बैठकें [सीएमडी/एमडी के लिए 04 (चार) और निदेशकों के लिए 02 (दो)] आयोजित की गईं।

iii. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने अनुसूची क और ख के विभिन्न सीपीएसई में 08 मामलों (यथा सीएमडी/सीईओ/कार्यात्मक निदेशकों) में नियुक्तियों को मंजूरी दी। इस समय, अनुसूची क और ख के विभिन्न सीपीएसई में सीएमडी/प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष/सदस्यों के 34 पद तथा कार्यकारी निदेशकों के 67 पद रिक्त हैं।

iv. विभिन्न अधिकरणों/सांविधिक निकायों/प्राधिकरणों/आयोगों में 43 अध्यक्षों/सदस्यों की नियुक्तियों और स्वायत्त निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यपालकों/निदेशकों की 04 नियुक्तियों को एसीसी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

v. केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत, उप सचिव/निदेशकों के 07 पद भरे गए हैं। वर्तमान में, केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत अपर सचिव के 13 पद, संयुक्त सचिव के 35 पद और उप सचिव/निदेशक स्तर पर 94 पद रिक्त पड़े हैं।

vi. मंत्रिमंडल सचिव/एसीसी ने निम्नलिखित प्रस्तावों (उप सचिव/निदेशक स्तर) को मंजूरी दी :

| **विवरण** | **पदों की संख्या** |
|---|---|
| पीएस/ओएसडी के रूप में नियुक्ति | 01 |
| विस्तार | 01 |
| समय पूर्व प्रत्यावर्तन | 06 |
| पुनः तैनाती | 12 |
| गैर-सीएसएस पदों पर नियुक्ति | 03 |

vii. 01 सीवीओ के कार्यकाल के विस्तार और 02 सीवीओ के समयपूर्व प्रत्यावर्तन के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

**II. स्थापना मामले**

(क) सीएसएस के 04 अधिकारियों को दिनांक 27-12-2023 के आदेश के तहत निदेशक चयन सूची-2023 में शामिल किया गया था।

(ख) कर्मचारी चयन आयोग सीजीएलई-2023 में उत्तीर्ण होने वाले 691 सीधी भर्ती-सहायक अनुभाग अधिकारियों के लिए दिनांक 22-12-2023 के पत्र के द्वारा पूर्व-नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई।

(ग) मातृत्व अवकाश, प्रशिक्षण अवधि के संबंध में एनआरसी पर, एसओ-एलडीसीई के लिए एपीएआर के समान यदि पिछली सभी एपीएआर कम से कम अच्छी ग्रेडिंग बेंचमार्क की हैं, विचार करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग को स्पष्टीकरण दिया गया है।

(घ) एलटीसी बिलों के दावे प्रस्तुत करने की समय-सीमा के संबंध में मंत्रालयों/विभागों को प्रत्यायोजित मौजूदा शक्तियों की दिनांक 21.12.2023 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा समीक्षा की गई थी तथा मंत्रालयों/विभागों को एलटीसी दावों को प्रस्तुत करने की समय-सीमा पर संशोधित प्रत्यायोजन जारी किए गए।

**(ङ) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने माह के दौरान निम्नलिखित परिणाम घोषित किए -**

i. समूह 'ग' आशुलिपिक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017 के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम दिनांक 03.12.2023 को जारी किया गया, जिसमें 249 उम्मीदवारों में से 32 उम्मीदवारों ने एपीएआर के मूल्यांकन के लिए अर्हता प्राप्त की है।

ii. संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा - 2023 का अंतिम परिणाम 04.12.2023 को जारी किया गया, जिसमें भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों में नियुक्ति के लिए कुल 7,859 उम्मीदवारों को अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो संबंधित उपयोगकर्ता विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले दस्तावेज़ सत्यापन में उनके अर्हक होने के अध्यधीन है।

iii. दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2O22 में कांस्टेबल (ड्राइवर) पुरुष का अंतिम परिणाम दिनांक 09.12.2023 को जारी किया गया, जिसमें कुल 1400 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है और दिल्ली पुलिस को सिफारिश की गई है।

iv. दिनांक 18.12.2023 को मल्टी टास्किंग (गैर-तकनीकी) स्टाफ और हवलदार (सीबीआईसी और सीबीएन) परीक्षा, 2023 का अंतिम परिणाम जारी किया गया, जिसमें भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों में नियुक्ति के लिए कुल 1786 उम्मीदवारों को अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो संबंधित उपयोगकर्ता विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले दस्तावेज़ सत्यापन में उनके अर्हक होने के अध्यधीन है।

v. दिल्ली पुलिस और सीएपीएफ परीक्षा, 2023 में सब-इंस्पेक्टर के पेपर- II में उपस्थित होने के लिए पीईटी/पीएसटी का परिणाम 20.12.2O23 को जारी किया गया ।

vi. दिनांक 21.12.2023 को दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2022 में हेड कांस्टेबल {सहायक वायरलेस ऑपरेटर [(एडबल्यूओ0/टेली-प्रिंटर ऑपरेटर (टीपीओ0}) का अंतिम परिणाम जारी किया गया, जिसमें 832 उम्मीदवारों (550 पुरुष और 282 महिला) को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

vii. दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2022 में हेड कांस्टेबल (अनुसचिवीय) का अंतिम परिणाम 27.12.2023 को, जिसमें 538 पुरुष और 273 महिला उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है और दिल्ली पुलिस को सिफारिश की गई है।

viii. दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2023 में शारीरिक सहनशक्ति और मापन परीक्षण (पीई एंड एमटी) में उपस्थित होने/दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के लिए उम्मीदवारों को शॉर्ट-लिस्ट करने के लिए कांस्टेबल (कार्यकारी) पुरुष और महिला की कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम दिनांक 31.12.2023 को, जिसमें 86,049 को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

## III. सतर्कता और अन्य संबंधित मामले

i. विभिन्न उद्देश्यों अर्थात अंतर-संवर्गीय प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, भारत से बाहर अध्ययन अवकाश आदि के लिए 22 (बाईस) आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

ii. लोक सभा सचिवालय से 01 (एक) विशेषाधिकार नोटिस प्राप्त हुआ और 01(एक) का निपटान किया गया।

**IV. प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण**

**(क) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम)**

i. सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) ने 08 ऑनलाइन/ऑफलाइन कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 01 गैर-कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम और 07 सीएसएस/सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 434 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

ii कार्यात्मक/व्यावहारिक और अधिकार क्षेत्र संबंधी दक्षताओं पर आईएसटीएम द्वारा विकसित 12 ई-लर्निंग सामग्री भी माननीय राज्य मंत्री द्वारा जारी की गई थी।

iii. 2024-25 के लिए प्रशिक्षण योजना को अंतिम रूप देना और अपलोड करना।

iv. आईएसटीएम/डीओपीटी के एकीकृत भवन के निर्माण के संबंध में स्थानीय अधिकारियों को अंतिम रेखाचित्र (ड्राइंग) प्रस्तुत करना।

**(ख) कर्मयोगी भारत**

i. माननीय राज्य मंत्री - कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, डॉ जितेंद्र सिंह ने 25 दिसंबर 2023 को **'सुशासन' दिवस** के अवसर पर आईगॉट प्लेटफॉर्म पर तीन नई सुविधाओं – **माई आईगॉट, मिश्रित कार्यक्रम और क्यूरेटिड प्रोग्राम** का शुभारंभ किया।

ii. कर्मयोगी भारत के लिए क्लाउड मैनेज्ड सर्विस प्रोवाइडर (सीएमएसपी) का चयन, 28 दिसंबर 2023 को वित्तीय बोलियों के खुलने के साथ पूरा हो गया है। ठेका देने के लिए इसकी जांच की जा रही है।

i. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) के माध्यम से डीओपीटी द्वारा विकसित किए जा रहे ईएचआरएमएस 2.0 को आईगॉट कर्मयोगी के साथ एकीकृत किया गया है तथा यह टीम अब कर्मयोगी भारत की देखरेख में काम कर रही है।

ii. क्षमता विकास आयोग द्वारा परिभाषित क्षमताओं के अनुसार, आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर पाठ्यक्रमों के लिए **क्षमता मानचित्र (मैपिंग) को पूरा कर लिया गया है।**

iii. नीति आयोग ने आईगॉट पर **समर्थ** नामक छह क्यूरेटिड कार्यक्रमों का शुभारंभ किया, जिनमें से प्रत्येक कार्यक्रमों द्वारा ब्लॉक, जिला और राज्य-स्तरीय अधिकारियों के भिन्न-भिन्न स्तर (लेवल) के लिए लक्षित किया गया। यह आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अधीन है, जिसके अंतर्गत कर्मयोगी भारत नीति आयोग को क्षमता विकास से संबंधित सहायता प्रदान कर रहा है।

iv. डीओपीटी ने अगले 45 दिनों के भीतर संबंधित सीबीपी में पहचाने गए क्विक विन पाठ्यक्रमों से आईगॉट-कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 6 घंटे के प्रशिक्षण के संबंध में 1 नवंबर 2023 को कार्यालय ज्ञापन संख्या टी-28/95/2023-आईगॉट जारी किया। इसके बाद, 49 मंत्रालयों/विभागों ने 45 दिनों के भीतर

आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर छह घंटे का अनिवार्य प्रशिक्षण पूरा करके आईगॉट को व्यापक रूप से अपनाने के संबंध में आदेश जारी किए हैं।

v. दिसंबर माह में आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म द्वारा **50 लाख पाठ्यक्रमों का नामांकन** किया गया तथा **40 लाख पाठ्यक्रमों को पूरा** किया गया, जो कि मील का पत्थर साबित हुआ।

vi. दिसंबर 2023 में पाठ्यक्रम पूर्णता की संख्या 7,36,580 थी और 31 दिसंबर 2023 तक संचयी पाठ्यक्रम पूर्णता की कुल संख्या 41,41,054 है।

vii. आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल ने दिसंबर, 2023 माह में **28 लाख ऑन-बोर्ड उपयोगकर्ताओं** की संख्या को पार कर लिया। 31 दिसंबर 2023 तक ऑन-बोर्ड उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या 28,85,344 है। दिसंबर, 2023 में कुल 2,15,161 नए उपयोगकर्ता इस प्लेटफॉर्म से जुड़ गए थे।

viii. आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या नवंबर 2023 में 7.2 लाख से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 8.5 लाख हो गई।

ix. आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल ने 31 दिसंबर 2023 तक शिक्षण (लर्निंग) से संबंधित संचयी **39.7 करोड़ मिनट** का रिकॉर्ड दर्ज किया।

x. 31 दिसंबर 2023 तक इस पोर्टल पर प्रकाशित पाठ्यक्रमों की कुल संख्या 850 है।

**(ग) क्षमता विकास आयोग (सीबीसी)**

**सीबीसी के कार्यकलाप :**

श्री प्रवीण परदेशी, सदस्य, क्षमता विकास आयोग ने 19 दिसंबर 2023 को एमडीओज से इनपुट प्राप्त करने के लिए सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय क्षमता विकास योजना का मसौदा प्रस्तुत किया।

**बड़े पैमाने पर कार्यकलाप :**

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा नेगोशिएशन पर डिजाइन किया गया एक कोर्स 20 दिसंबर 2023 को आईगॉट पर लाइव हुआ।

राष्ट्रीय सुशासन दिवस, 25 दिसंबर 2023 को, माननीय राज्यमंत्री (कार्मिक) ने केंद्रीय सचिवालय में मध्य प्रबंधन सिविल सेवकों के क्षमता विकास के लिए **विकास (वेरिएबल एंड इमर्सिव कर्मयोगी एडवांस्ड सपोर्ट)** नामक एक नया मिश्रित शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। विकास एक ऐसा मिश्रित कार्यक्रम है जो केंद्र सरकार में अपेक्षित कार्यात्मक, व्यावहारिक और तकनीकी दक्षताओं के विकास पर केंद्रित है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम:**

सीबीसी ने निम्नलिखित तिथियों पर आईपी कार्यालय और डेनिश पेटेंट कार्यालय के सहयोग से वेबिनार सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की।

(क). 1 दिसंबर: एआई - संबंधित अनुप्रयोग की पेटेंट परीक्षा
(ख). 15 दिसंबर: नवीकरणीय ऊर्जा (ग्रिड संरचनाओं, मशीन लर्निंग) के भीतर आविष्कारों की पेटेंट परीक्षा।

**प्रशिक्षण संस्थान का ऑनसाइट मूल्यांकन और प्रत्यायन :**

1. दिसंबर, 2023 माह में 27 सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों (सीएसटीआई) को प्रत्यायित किया गया।

2. सीबीसी ने एनआईडीईएम (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस एस्टेट्स मैनेजमेंट) के साथ सीएसटीआई के लिए गुणवत्ता सुधार योजना (क्यूआईपी) शुरू की है, अगले एक महीने के दौरान सुधार की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**ईम्मर्शन विजिट:**

सेल के भिलाई इस्पात संयंत्र में इस्पात मंत्रालय, नीति आयोग और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के अधिकारियों हेतु क्षमता विकास पहल के लिए दिनांक 27.12.2023 से 28.12.2023 तक दो दिवसीय ईम्मर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**ज्ञान संबंधी भागीदारी :**

क्षमता विकास आयोग (सीबीसी), कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने सिविल सेवकों के लिए डिजिटल शिक्षण संसाधनों को विकसित करने और परिनियोजित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## V. कल्याण संबंधी मामले

i सीसीएससीएसबी ने 27 दिसंबर, 2023 से 29 दिसंबर, 2023 तक नेताजी नगर और सीएसओआई, विनय मार्ग, नई दिल्ली में इंटर मिनिस्ट्री पावरलिफ्टिंग, वेटलिफ्टिंग और बेस्ट फिजिक टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन किया।
ii सीसीएससीएसबी ने 04 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2023 तक एम्स जिमखाना, नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन किया।
iii सीसीएससीएसबी ने 15 दिसंबर, 2023 से 17 दिसंबर, 2023 तक दिल्ली सचिवालय के सहयोग से दिल्ली में अखिल भारतीय सिविल सेवा (एआईसीएस) तैराकी का आयोजन किया।
iv सीसीएससीएसबी ने दिल्ली सचिवालय के सहयोग से 15 दिसंबर, 2023 से 21 दिसंबर, 2023 तक दिल्ली में एआईसीएस क्रिकेट का आयोजन किया।
v सीसीएससीएसबी ने दिल्ली सचिवालय के सहयोग से 15 दिसंबर, 2023 से 17 दिसंबर, 2023 तक दिल्ली में एआईसीएस फुटबॉल का आयोजन किया।
vi सीसीएससीएसबी ने 20 दिसंबर, 2023 को विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में **महिला स्पोर्ट्स मीट 2023-24** का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक महिला कर्मचारियों ने सक्रियपूर्वक और उत्साहपूर्वक भाग लिया।